वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 25 फरवरी, 2021 को प्रातः 11.00 बजे प्रमंडल कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री ए.एस. रावत, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा की गयी। बैठक में कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान एवं सभी प्रभाग प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

बैठक के दौरान प्रभागों/अनुभागों से प्राप्त हिन्दी त्रैमासिक प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई तथा संस्थान में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में संसदीय राजभाषा समिति को प्रस्तुत की जाने वाली निरीक्षण प्रशनावली पर भी चर्चा की गई। इस दोरान संस्थान की छमाही हिन्दी वन अनुसंधान ई-पत्रिका की अगले अंक के प्रकाशन हेतु लेख एवं रचनाएँ आमंत्रित करने संबंधी मुद्दे पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया।